हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 10 अप्रैल 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

केंद्र सरकार ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल -सामान्य प्रशासन अधिनियम, 2026 अधिसूचित कर दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल इस विधेयक को मंजूरी दी थी। यह विधेयक राजपत्र में प्रकाशित हो चुका है।नए अधिनियम में 50 प्रतिशत पद भारतीय पुलिस सेवा से महानिरीक्षक के पद पर प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरे जाने और न्यूनतम 67 प्रतिशत पद अपर महानिदेशक के पद पर प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरे जाने का प्रावधान है। नवगठित कानून का उद्देश्य केंद्रीय पुलिस बलों, सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी में ग्रुप ए जनरल ड्यूटी अधिकारियों और अन्य कर्मियों की भर्ती तथा सेवा शर्तों को नियंत्रित करने वाली एक व्यापक और समान प्रणाली स्थापित करना है।अधिनियम में केंद्र सरकार को भर्ती और सेवा शर्तों को नियंत्रित करने वाले नियम बनाने का अधिकार दिया गया है। यह किसी भी परस्पर विरोधी कानून, न्यायालय निर्णय या पूर्व प्रशासनिक आदेशों को रद्द कर देगा।

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में कल लैंग्वेज लैब का उद्घाटन किया गया। इस पर लगभग 50 लाख रुपए से भी ज्यादा की लागत आई है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं अंग्रेजी के प्रख्यात विद्वान प्रोफेसर भीम सिंह दहिया ने इस लैब का उद्घाटन किया। इस लैब के लिए एचडीएफसी बैंक की ओर से सीएसआर के अंतर्गत सच फाउंडेशन के माध्यम से अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित कंप्यूटर प्रदान किए गए हैं।

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में पोषण पखवाड़ा के प्रथम दिवस सभी 450 आंगनवाड़ी केंद्रों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान समुदाय में पोषण एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाने पर विशेष जोर दिया गया। सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण शपथ भी दिलाई गई, ताकि बेहतर पोषण और स्वास्थ्य के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को प्रोत्साहित किया जा सके।

विशेष कार्यक्रमों के तहत पलसोरा में “दादी-नानी के अनुभवों से पोषण एवं स्वास्थ्य संदेश” का आयोजन किया गया, जबकि धनास में “पोषण पे चर्चा” कार्यक्रम में समूह चर्चा एवं पंचायत सभाओं का आयोजन किया गया।

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति द्वारा पाकिस्तान धार्मिक यात्रा के लिए255 श्रद्धालुओ का एक जत्था रवाना किया गया। ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से इस जत्थे को समिति के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा व अन्य सिख प्रतिनिधियों द्वारा रवाना किया गया। जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने जत्थे को पाकिस्तान धार्मिक यात्रा के लिए भेजने की अनुमति देने के लिए हरियाणा और केंद्र की भाजपा सरकार का आभार जताया। उन्होंने संगत से यात्रा के दौरान सरकार द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करने की भी अपील की।

सोनीपत में राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर राई के पास गोल्डन हट □ाबे के सामने आज तड़के एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पर खड़ी कार को टक्कर मार दी।ट्रक कार को करीब 200 मीटर तक घसीटते हुए ले गया।कार में सवार दो सगी बहनो मंदीप कौर और मनप्रीत कौर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार कार सवार घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार मंदीप कौर दिल्ली के तिलक नगर और मनप्रीत कौर पंजाब के अमृतसर की रहने वाली थी। घायलों को पुलिस द्वारा ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए सामान्य नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया गया है।

पलवल चीनी मिल की वर्तमान सत्र में शुगर रिकवरी 10.51 प्रतिशत तक पहुंचगई है । , जो हरियाणा कीसभी सहकारी चीनी मिलों में सर्वाधिक है।मिल की प्रबंधकीयनिदेशक द्विजा ने बताया इस बढ़ोतरी के परिणाम स्वरूप लगभग 22 हजार क्विंटलअतिरिक्त चीनी का उत्पादन संभव हो पाया है। उन्होंने बतायाकि इस पिराई सत्र के दौरान लगभग 23 लाख 63 हजार क्विंटल गन्ने कीसफलतापूर्वक पिराई की गई, जिससे करीब 2.लाख 49 हजार क्विंटल चीनी का उत्पादन हुआ।

बेहतर रिकवरी औरकुशल संचालन के चलते मिल को चालू सत्र में लगभग साढ़े आठ करोड़ रुपए का लाभ प्राप्त हुआ है, जो सहकारीक्षेत्र के लिए एक बडी उपलब्धि है।